तापमान

अधिकतम 34 .5 डिग्री
न्यूनतम 17 .0 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, गुरुवार, 23 अक्टूबर, 2025



12 पैतृक गांव मिर्जापुर पहुंचे सीएम, ग्रामीणों ने फूल बरसाए





12 भगवान विश्वकर्मा ही सृष्टि के रचयिता : विज




## खबर संक्षेप

### अर्चना ने सीएम को तिलक लगाकर मनाया भैया दूज

**पानीपत।** भाजपा प्रदेश महामंत्री डा.अर्चना गुप्ता ने आज मुख्यमंत्री आवास संत कबीर कुटीर चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को तिलक लगाकर भैया दूज का पर्व मनाया। इस मौके पर उन्होंने सीएम सैनी को मिठाई खिलाई और उनकी दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। वहीं डा.अर्चना गुप्ता ने कहा कि भैया दूज का यह पर्व सौहार्द, स्नेह और संस्कार का सुंदर प्रतीक है। डा.अर्चना गुप्ता ने कहा कि भारतीय पर्व संस्कृति और परंपरा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है जो भाई.बहन के पवित्र बंधन और उसके मूल्यों को बनाए रखता है।

### नीरज चोपड़ा को सीएम नायब सैनी ने दी बधाई

**पानीपत।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पानीपत जिला के गांव खंडरा निवासी नीरज चोपड़ा को सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल बनने पर बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नीरज चोपड़ा के लेफ्टिनेंट कर्नल बनने से हरियाणा का सम्मान हुआ है और नीरज चोपड़ा इसके बाद अपने खेलों में और अधिक निखार ला पाएंगे। इस साल मई में रक्षा मंत्रालय के सैन्य मामलों के विभाग ने अधिसूचना जारी करते हुए नीरज के लेफ्टिनेंट कर्नल बनने की जानकारी दी थी।

### सड़क हादसे में इस्जैक कंपनी के कर्मी की मौत

**यमुनानगर।** गांव पंजेटो का माजरा के पास सड़क हादसे में इस्जैक कंपनी कर्मी की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव मंडेबरी निवासी 45 वर्षीय संजीव कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। मंडेबरी निवासी संजीव कुमार इस्जैक कंपनी में नौकरी करता था। मंगलवार को उसकी छुट्टी थी। रात लगभग आठ बजे वह बाइक पर घर से निकला। इसके बाद वापस घर नहीं लौटा।

### समाधि से सामान चोरी मामले में बेल जंपर काबू

**कैथल।** पीओ स्टाफ के एएसआई राजकुमार द्वारा उद्घघोषित अपराधी गांव प्योदा हाल डेरा खरक पांडवा निवासी कुलदीप उर्फ दीपनाथ को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी पर 2 मार्च 2022 को गांव फ्रासवाला मे बाबा मंगा पुरी मस्त पुरी की समाधि से पितल की टाल व करमण्डल धुफया व मुर्ति के कुण्डल व अन्य सामान चोरी करने का आरोप है।

### दो दिवसीय युवा महोत्सव तीन नवंबर से होगा शुरु

**जींद।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की अध्यक्षता और जींद के उपायुक्त डीसी मोहम्मद इमरान रजा के नेतृत्व में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय युवा महोत्सव तीन व चार नवंबर को आयोजित किया जाएगा।

## श्रीकपालमोचन में एक नवंबर से पांच नवंबर तक लगेगा मेला

# पवित्र सरोवरों में छोड़ा साफ पानी

*मेला प्रशासक एवं एसडीएम जसपाल सिंह गिल ने पांच दिवसीय मेले के इंतजामों का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

ऐतिहासिक तीर्थ स्थल श्री कपाल मोचन में एक नवंबर से पांच नवंबर तक आयोजित होने वाले पांच दिवसीय मेले के लिए युद्धस्तर पर इंतजाम किए जा रहे हैं। इस संबंध में मेला प्रशासक एवं व्यासपुर के एसडीएम जसपाल सिंह गिल ने मेला स्थल का निरीक्षण कर इंतजामों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

- 18 शौचालय बनवाए गए

मेला प्रशासक जसपाल सिंह गिल ने मेले में चल रहे विकास कार्यों तथा सफाई, सुरक्षा और यातायात प्रबंधों की समीक्षा की। मेला प्रशासक ने सबसे पहले सूरजकुंड सरोवर क्षेत्र का निरीक्षण किया। जहां पानी निकासी के लिए बनाए जा रहे नाले व बॉउंड्री वाल का कार्य प्रगति पर है। उन्होंने मौके पर निर्माण कार्य में प्रयोग की जा रही सामग्री की गुणवत्ता की जांच की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप समय पर पूर्ण किए जाएं। श्री कपाल मोचन और श्री ऋण मोचन सरोवरों की पूरी तरह सफाई कर चूना डालकर पानी छोड़ा गया है ताकि श्रद्धालुओं को स्वच्छ वातावरण मिल सके।



यमुनानगर। श्रीकपाल मोचन तीर्थ स्थल पर इंतजामों का जायजा लेते हुए मेला प्रशासक जसपाल सिंह गिल।

### समय पर प्रबंध पूरे करने के आदेश

*मेला प्रशासक जसपाल सिंह गिल ने बताया कि सभी विभागों को अपने अपने कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि मेला आरंभ होने से पहले सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएं ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो और वे शांतिपूर्वक दर्शन कर सकें। निरीक्षण के दौरान मेला अधिकारी एवं खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी आस्था गर्ग, श्राइन बोर्ड के लेखाकार पंकज अग्रवाल, विकास व गुलशन आदि मौजूद रहे।*

### ई.रिक्शा सेवा मिलेगी

श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए प्रशासन ने यातायात और आवागमन प्रबंधों को भी सुदृढ़ किया है। ई.रिक्शा सेवा प्रारंभ की जाएगी जो कपाल मोचन क्षेत्र से व्यासपुर तक चलेगी। इन वाहनों पर मेला प्रशासन द्वारा जारी पास अनिवार्य रूप से लगाए जाएंगे ताकि व्यवस्था सुचारू बनी रहे।

### नई व्यवस्थाएं की

मेला प्रशासक जसपाल सिंह गिल ने बताया कि इस वर्ष तीर्थ स्थल श्रीकपाल मोचन में श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कई नई व्यवस्थाएं की गई हैं। जनाना घाटों की दीवारों पर चार चार फीट ऊंची फाइबर शीट लगाई गई है। पूर्व में इन स्थानों पर कपड़े के पर्दे लगाए जाते थे। जिन्हें अब स्थायी व्यवस्था में बदला गया है। हर वर्ष की तरह इस बार भी 15 से 20 स्थायी शौचालयों का निर्माण किया जाना प्रस्तावित था, जिनमें से 18 शौचालयों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है।

### स्नेचिंग गिरोह के तीन आरोपी काबू, सात मोबाइल बरामद

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने स्नेचिंग करने वाले गिरोह के तीन आरोपियों को काबू किया है। आरोपियों से स्नेचिंग की तीन वारदातों का खुलासा हुआ। आरोपियों की पहचान सैनी कॉलोनी निवासी विक्की व सन्नी व छोटूराम चौक निवासी रिजवान के रूप में हुई। सीआईए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि गहनता से पूछताछ करने पर तीनों आरोपियों ने मिलकर 8 अक्तूबर को सेक्टर 29 में पैदल जा रहे युवक को चोट मारकर मोबाइल फोन छीनने की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। उक्त वारदात के अतिरिक्त गत जनवरी माह में इंडो फार्म के पास पैदल जा रहे युवक से मोबाइल फोन व 1 सितंबर को सिवाह गांव में पैदल जा रही महिला के हाथ से प्लास्टिक थैली छीनने की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। थैली में 10 हजार रूपए कैश, आधार कार्ड व बैंक की कॉपी भी थी। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया वह तीनों नशा करने के आदी है। नशे की लत पूरी करने के लिए पैसों की जरूरत पड़ी तो तीनों आरोपियों ने मिलकर स्नेचिंग व चोरी की उक्त वारदातों को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से स्नेच व चोरी किए 7 मोबाइल व वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद कर पूछताछ के बाद तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

- तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा

# धान से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, सड़क पर लगा जाम



तरावड़ी। जीटी रोड पर पलटी धान की ट्राली व सड़क पर लगा जाम।

- ट्रॉली को क्रेन से सीधा कर धान इकट्ठा करने में जुटे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

बुधवार दोपहर तरावड़ी के पास नेशनल हाईवे-44 (दिल्ली–चंडीगढ़ मार्ग) पर उस समय अफरा-तफरी मच गई जब धान से लदी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। हादसे में ट्रॉली में रखा सारा धान सड़क पर बिखर गया और हाईवे पर लंबा जाम लग गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन की मदद से ट्रॉली को सीधा करने का कार्य शुरू किया गया।

जानकारी के अनुसार, यह ट्रॉली कुरुक्षेत्र से तरावड़ी मंडी की ओर जा रही थी। इसी दौरान पीछे से किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई।

गनीमत यह रही कि ट्रैक्टर चालक सुरक्षित बच गया। हादसे के बाद सड़क पर धान के दाने बिखर गए और राहगीरों ने इसे 'किसानों का पीला सोना' सड़क पर बिखरा देख दुख व्यक्त किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने यातायात को साइड से निकालकर जाम को खुलवाया। हाईवे पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई थीं।

पुलिस ने बताया कि फिलहाल ट्रॉली को क्रेन की मदद से सीधा कर लिया गया है और धान को इकट्ठा करने का कार्य चल रहा है। बताया जा रहा है कि हादसे में किसानों को भारी नुकसान हुआ है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

*किसान संगठनों का मिला समर्थन*

# पीजीआई रोहतक के अनुबंध कर्मी करनाल में धरने पर डटे



करनाल। जिला सचिवालय के सामने लगातार धरने पर डटे रोहतक पीजीआईएमएस के अनुबंध कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएन) से जोड़े जाने की मांग को लेकर रोहतक पीजीआईएमएस के अनुबंध कर्मचारी जिला सचिवालय के सामने लगातार धरने पर डटे हुए हैं। अनुबंध कर्मचारी हेल्थकेयर रोहतक एसोसिएशन ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि त्यौहारों पर भी कर्मचारियों को फुटपाथ पर काला दिवस मनाना पड़ रहा है।

बुधवार को किसान प्रतिष्ठा मंच के राष्ट्रीय कमेटी सदस्य मुकेश खासा (मोखरा) कर्मचारियों के समर्थन में पहुंचे। मुकेश खासा ने कहा कि सरकार को ठेकेदारी प्रथा समाप्त करनी चाहिए और पीजीआई रोहतक में कार्यरत कर्मचारियों को एचकेआरएन से जोड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की मांगें पूरी तरह न्यायोचित हैं और किसान संगठन उनके साथ हैं। एसोसिएशन के प्रधान अभिषेक और महासचिव महेश ने बताया कि "अधिकारियों ने झूठे आश्वासन देकर हमें चंडीगढ़ जाने से रोक दिया, यहां तक कि मुख्यमंत्री से भी नहीं मिलने दिया जा रहा। पीजीआईएमएस रोहतक में कार्यरत 1271 कर्मचारी एचकेआरएन पोर्टल से जोड़े जाने की मांग प्रमुख रूप से उठा रहे हैं। सितंबर 2021 में लागू एचकेआरएन नीति के तहत सभी कर्मचारियों को पोर्टल पर शामिल किया जाना चाहिए और जॉब सिक्योरिटी पत्र जारी किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रशासन और ठेकेदार की लापरवाही से कर्मचारियों की सैलरी में वर्षों से कोई बढ़ोतरी नहीं हुई। 2022 से सभी कर्मचारियों को एरियर सहित भुगतान की मांग की गई है। इस मौके पर राकेश, सुकन्या, ईश्वंती, अमित, दिलबाग, अशोक और सुनीता आदि उपस्थित रहे।

- एचकेआरएन से जोड़े जाने की मांग, कहा– ठेकेदारी प्रथा खत्म करे सरकार

### ब्लाइंड मर्डर की वारदात का पर्दाफाश, आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** पुलिस ने बुड़शाम गांव निवासी प्रदीप की हत्या की ब्लाइंड वारदात का पर्दाफाश कर आरोपी को मंगलवार शाम को गिरफ्तार किया है।

आरोपी की पहचान गांव हड़ताड़ी निवासी श्रवण के रूप में हुई है। एंटी नारकोटिक सेल प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि हड़ताड़ी निवासी श्रवण को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने गांव निवासी अंकुश उर्फ बहादुर के साथ मिलकर प्रदीप की हत्या कर शव नहर में फैकने बारे स्वीकार किया है। इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि पूछताछ में आरोपी श्रवण ने पुलिस को बताया वह और गांव निवासी अंकुश उर्फ बहादुर व गांव बुड़शाम निवासी प्रदीप हर रोज एक साथ बैठकर शराब पीते थे। गत 10 सितंबर की शाम को वे तीनों प्रदीप की बाइक पर सवार होकर सिवाह नहर बाईपास स्थित शराब ठेके से शराब लेकर नहर पर गांव डाहर की और जाने वाले रास्ते पर देर रात तक शराब पीते रहे। इसी दौरान अंकुश और प्रदीप के बीच कहासुनी व मारपीट हो गई और उसने प्रदीप के हाथ पकड़ लिए और अंकुश ने परने से प्रदीप का गला दबा दिया। दोनों ने प्रदीप की हत्या कर शव व बाइक को नहर में फेंक दिया।

- बुड़शाम गांव निवासी प्रदीप की हत्या का मामला

# ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट 25-26 को

- पांच राज्यों के करीब 400 खिलाड़ी दिखाएंगे प्रतिभा
- विधायक जगमोहन आनंद होंगे मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल में दो दिवसीय ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन 25 और 26 अक्तूबर को किया जाएगा। टूर्नामेंट के सभी मैच बी-24 अकादमी में खेले जाएंगे। इसमें हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़, उत्तरप्रदेश और मध्यप्रदेश से लगभग 400 खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। टूर्नामेंट में लड़कों और लड़कियों के अलग-अलग आयु वर्गों में एकल व युगल मुकाबले होंगे।

साथ ही कंबाइन कैटेगरी के मैच भी आकर्षण का केंद्र रहेंगे।टूर्नामेंट की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में बी-24 अकादमी के संचालक नरेंद्र कुकरेजा और रविंद्र भाटिया ने बताया कि पांचों राज्यों के खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। यह उत्तर भारत का एक बड़ा आयोजन साबित होगा। खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी टूर्नामेंट के दौरान शिरकत करेंगे। करनाल विधायक जगमोहन आनंद को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। टूर्नामेंट की टेक्निकल टीम में डा. पी.सी. तिवारी, विजेंद्र सिंह और मुकेश मदान शामिल हैं, जबकि आयोजन समिति में राजेश डुडेजा, केवल कृष्ण, दीपक सुखीजा, मास्टर दीपक, मास्टर राजेश कुमार, विनय कुमार, राहुल कुमार, विकास राणा, भूपिंद्र सिंह और कृष बवेजा को जिम्मेदारी दी गई है। कोच शिवम, शालू और सुमित अपनी विशेष भूमिका निभाएंगे।



करनाल। टूर्नामेंट की तैयारियों को लेकर मीटिंग करते हुए।

### आवारा कुत्तों को पकड़ने का चलाया अभियान, विष्णु कॉलोनी से 15 पकड़े

**कुरुक्षेत्र।** पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने बताया कि आवारा कुत्तों की नसबंदी एवं देखभाल का टेंडर नैन फाउंडेशन एनजीओ को दिया गया है। यह टेंडर एक साल के लिये होगा। नैन फाउंडेशन एनजीओ ने मंगलवार को न्यू कॉलोनी क्षेत्र से 10 कुत्तों को पकड़ा था, जबकि बुधवार को विष्णु कॉलोनी से 15 कुत्तों को पकड़ा गया है। संस्था ने अपना अस्थायी केंद्र विश्वास पब्लिक स्कूल, ढांड रोड में बनाया हुआ है। यहीं पर पकड़े गए कुत्तों की देखभाल की जा रही है, साथ ही उनकी नसबंदी एवं टीकाकरण का कार्य किया जा रहा है। संस्था के अनुसार, एक समय में केवल एक ही क्षेत्र से कुत्तों को पकड़ा जाएगा।

### 'म्हारी सड़क' एप में डिजिटल मैपिंग से सड़क की स्थिति पर होगी नजर

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि प्रदेश में ढांचागत विकास को नई गति देने के लिए पारदर्शिता व जनभागीदारी की दिशा में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने म्हारी सडक मोबाइल एप्लीकेशन का लॉन्च की है। इस डिजिटल एप से नागरिक सड़क से संबंधित समस्याएं सीधे सरकार तक पहुंच सकेंगे। यह एप नागरिक, प्रशासन और सरकार के बीच सेतु का काम करेगा। यह एप नागरिकों को सड़कों की स्थिति की जानकारी सीधे सरकार तक पहुंचाने का माध्यम है। इस एप के माध्यम से नागरिक सड़कों पर गड्ढे, टूटी सड़क या सड़क पर जलभराव की समस्या की लोकेशन के साथ शिकायत दर्ज कर सकेंगे।

## भगवान से अपने भाइय़ों की लम्बी आयु की कामना करती हैं बहनें

# भाई और बहन के सच्चे प्रेम का पर्व है भैया दूज : डॉ. मिश्रा

- भाई दूज पर्व को को यम द्वितीया के नाम से भी जाना जाता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हार्मनी ऑकल्ट वास्तु जोन पिपली कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष तथा श्रीदुर्गा देवी मन्दिर, पिपली के पीठाधीश ज्योतिष आचार्य डॉ. सुरेश मिश्रा ने बताया कि हिन्दू पंचांग अनुसार कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को भाई दूज एवं यम द्वितीया के रूप में मनाते है।

भाई दूज का यह त्यौहार विशेष रूप से भाई और बहन के मध्य स्थापित प्रगाढ़ संबंधों को दर्शाता है। राखी के बाद आने वाला यह पर दूसरा पवित्र बंधन वास्तव में केवल भाई और बहन के प्रेम का प्रतीक है। 23 अक्तूबर, 2025, गुरुवार,स्वाति नक्षत्र ,तुला राशि , विशाखा नक्षत्र , आयुष्मान योग, बालव करण, कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि के लिये भाई दूज का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। भाई दूज को यम द्वितीया के नाम से भी जाना जाता है। भाई दूज पर्व भाईयों के प्रति बहनों के श्रद्धा व विश्वास का पर्व है। इस पर्व को बहनें अपने भाईयों के माथे पर तिलक लगा कर मनाती है और भगवान से अपने भाइय़ों की लम्बी आयु की कामना करती है।



डॉ.सुरेश मिश्रा

### भैया दूज को यम द्वितीया क्यों कहते है?

हिन्दू समाज में भाई -बहन के स्नेह व सौहार्द का प्रतीक यह पर्व दीपावली दो दिन बाद मनाया जाता है। यह दिन क्योकि यम द्वितीया भी कहलाता है, इसलिये इस पर्व पर यम देव की पूजा भी की जाती है। एक मान्यता के अनुसार इस दिन जो यम देव की उपासना करता है क उसे असमय मृत्यु का भय नहीं रहता है। हिन्दूओं के बाकी त्यौहारों कि तरह यह त्यौहार भी परम्पराओं से जुडा हुआ है। इस दिन बहनें अपने भाई को तिलक लगाकर, उपहार देकर उसकी लम्बी आयु की कामना करती है , बदले में भाई अपनी बहन कि रक्षा का वचन देता है। इस दिन भाई का अपनी बहन के घर भोजन करना विशेष रुप से शुभ होता है।

### भैया दूज की विधि

*इस पूजा में भाई की हथेली पर बहनें चावल का घोल लगाती है उसके ऊपर सिन्दूर लगाकर कद्दू के फूल, पान, सुपारी मुद्रा आदि हाथों पर रखकर धीरे धीरे पानी हाथों पर छोड़ते हुए कुछ मंत्र बोलती हैं जैसे /"गंगा पूजे यमुना को यमी पूजे यमराज को, सुभद्रा पूजा कृष्ण को, गंगा यमुना नीर बहे मेरे भाई की आयु बढ़े/" इसी प्रकार कहीं इस मंत्र के साथ हथेली की पूजा की जाती है /" सांप काटे, बाघ काटे, बिच्छू काटे जो काटे सो आज काटे/" इस तरह के शब्द इसलिए कहे जाते है क्योंकि ऐसी मान्यता है कि आज के दिन अगर भयंकर पशु काट भी ले तो यमराज के दूत भाई के प्राण नहीं ले जाएंगे। कहीं कहीं इस दिन बहनें भाई के सिर पर तिलक लगाकर उनकी आरती उतारती है और फिर हथेली में कलावा बांधती है। भाई का मुंह मीठा करने के लिए उन्हें माखन मिश्री खिलाती है। संध्या के समय बहनें यमराज के नाम से चौमुखा दीया जलाकर घर के बाहर रखती है। इस समय ऊपर आसमान में चील उड़ता दिखाई दे तो बहुत ही शुभ माना जाता है। इस संदर्भ में मान्यता यह है कि बहनें भाई की आयु के लिए जो दुआ मांग रही हैं उसे यमराज ने कुबूल कर लिया है या चील जाकर यमराज को बहनों का संदेश सुनाएगा। सनातन धर्म में सभी सम्बन्धों में निष्काम भाव , श्रद्धा, भक्ति और प्रेम सिखलाता है। त्रेता युग में भगवान राम जी ने सभी सम्बन्धों को अपने दिव्य गुणों और कर्तव्य निष्ठा पूर्वक निभाया तभी मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के नाम से सारे संसार में प्रसिद्ध हुए। सभी के जीवन में सदगुरु होना चाहिए तभी मानव जीवन सफल होता है। क्योंकि जीवित सदगुरु ही ओंकार और जीवन जीने की कला सिखलाते है। सनातन धर्म में दान, सेवा , सुमिरन,भगवान की आरती और जीव जंतुओ की सेवा अभिन्न अंग है।*

## रीना बनी कांग्रेस के अनुसूचित विभाग की राष्ट्रीय संयोजक

**कुरुक्षेत्र।** वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री रीना वाल्मीकि को कांग्रेस पार्टी के अनुसूचित विभाग का राष्ट्रीय संयोजक नियुक्त किया गया है। रीना वाल्मीकि ने अपनी नियुक्ति पर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व राहुल गांधी, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, संगठन महासचिव वेणु गोपाल, इंचार्ज केएस राजू, अनुसूचित-जाति विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र गौतम और आरजीपीआरएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सुनील पंवार और मीनाक्षी नटराजन का आभार जताया।

- दो प्रमुख राष्ट्रीय संगठनों में बड़ी जिम्मेदारियाँ सौंपी गई

रीना ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी गई है वे इस पर खरा उतरने का भरसक प्रयास करेंगी और पार्टी की नीतियों को आमजन तक पहुंचाने का कार्य करेंगी। इसके साथ-साथ पार्टी के साथ नए लोगों को जोड़ने का भी कार्य करेंगी। बता दें कि रीना वाल्मीकि का जन्म एक सफाई कर्मचारी परिवार में हुआ, लेकिन उन्होंने कभी अपनी पृष्ठभूमि को अपने सपनों के रास्ते में आड़े नहीं आने दिया।



उनकी मेहनत और निष्ठा का परिणाम है कि आज उन्हें कांग्रेस पार्टी के दो प्रमुख राष्ट्रीय संगठनों में बड़ी जिम्मेदारियाँ सौंपी गई हैं। रीना वाल्मीकि को न केवल एआईसीसी में राष्ट्रीय संयोजक बनाया गया है, बल्कि उन्हें राजस्थान प्रभारी की अहम जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। यह कांग्रेस नेतृत्व का रीना में अटूट विश्वास और सामाजिक न्याय के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

## खबर संक्षेप

### छात्र संख्या में आए अंतर का विवरण सीबीआई ने मांगा

**जींद।** जींद जिले के 2014-15 सत्र में छात्र संख्या में आए अंतर का विवरण सीबीआई ने मांगा है। पत्र के अनुसार स्कूलों को रिकार्ड के साथ 22 अक्टूबर को चंडीगढ़ कार्यालय में बुलाया गया है। इसमें जिले के पांच स्कूल शामिल हैं। रिपोर्ट में स्कूल संचालकों को 30 सितंबर 2014 से 30 सितंबर 2015 की अवधि के दौरान स्कूल छोडने वाले छात्रों की संख्या, नए प्रवेश और उत्तीर्ण होने वाले छात्रों कक्षा पांच या कक्षा आठ के छात्र उच्च शिक्षा के लिए दूसरे स्कूल में जाने वाले को दर्शाते छात्रों का एक महीने का विवरण मांगा गया है।

### दो दिवसीय युवा महोत्सव तीन नवंबर से होगा शुरु

**जींद।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की अध्यक्षता और जींद के उपायुक्त डीसी मोहम्मद इमरान रजा के नेतृत्व में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय युवा महोत्सव तीन व चार नवंबर को आयोजित किया जाएगा।

### महिला से अश्लील हरकत करने पर मामला दर्ज

**जींद।** महिला को अशील इशारे करने तथा विरोध करने पर बुरा अंजाम भुगतने की धमकी देने पर शहर थाना सफीदों पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सफीदों निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह कार्यवश पुराना बस अड्डे की तरफ गई हुई थी। उसी दौरान हरीश ने उसकी तरफ अशील इशारे किए और अशील फब्तियां कसी।

### निडाना में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**जींद।** राह ग्रुप फाउंडेशन के नेशनल चेयरमैन नरेश सेलपाड़ ने बालिका अधिकार सप्ताह के अवसर पर जिले के गांव निडाना में आयोजित जागरूकता कार्यक्रमों में कहा कि एसिड अटैक की शिकार बेटियों के लिए स्कूल, कॉलेजों में एडमिशन और सरकारी नौकरियों में आरक्षण का प्रावधान किया गया है। बताया कि अब पीड़िताओं को न केवल शिक्षा में बल्कि नौकरियों और पदोन्नति में भी कोटा मिलता है मगर जागरुकता के अभाव में बेटियां लाभ नही उठा पा रही हैं।

### किसानों को बदनाम करने का प्रचार बंद करे प्रशासन

**जींद।** माजरा खाप पंचायत ने सरकार व प्रशासन को चेताया है कि प्रदूषण को लेकर किसान को बदनाम करने का प्रचार मत करे और किसान की फसल का एमएसपी प्रभाव दे। माजरा खाप पंचायत के प्रधान गुरविंदर सिंह संधू, सचिव महेंद्र सिंह ने कहां कि सेटेलाईट को किसान के खेत में धुआं तो दिखाई देता है, फसल में जलभराव नहीं दिखाई देता है।

### समाधि से सामान चोरी मामले में बेल जंपर काबू

**कैथल।** पीओ स्टाफ के एएसआई राजकुमार द्वारा उद्घघोषित अपराधी गांव प्योदा हाल डेरा खरक पांडवा निवासी कुलदीप उर्फ दीपनाथ को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी पर 2 मार्च 2022 को गांव फ्रासवाला मे बाबा मंगा पुरी मस्त पुरी की समाधि से पितल की टाल व करमण्डल धुफया व मुर्ति के कुण्डल व अन्य सामान चोरी करने का आरोप है।

### सड़क हादसे में एक महिला घायल

**कैथल।** कैथल के गांव कसान में हुए सड़क हादसे में एक महिला घायल हो गई। इस संबंध में डूमरखां कला की सोना देवी ने राजोद पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 18 अक्टूबर को दोपहर के समय जब वह कसान के बस स्टैंड पर खड़ी थी तो एक टाटा नेक्सोन गाड़ी के चालक ने अपनी गाड़ी को तेज गति और लापरवाही से चलते हुए उसे पीछे से टक्कर मार दी। इसमें वह घायल हो गई।

### पराली प्रबंधन के वैकल्पिक उपाय अपनाएं किसान

**जींद।** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा धान खरीद सीजन के दौरान किसानों की सुविधा के लिए मंडियों में सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं। मंडियों में खरीद प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता और सुचारू व्यवस्था के साथ निरंतर जारी है।

---

### घरौंडा का अनाज मंडी रोड भगवान विश्वकर्मा के नाम से जाना जाएगा: कल्याण

# तरावड़ी में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई भगवान विश्वकर्मा जयंती

- *शिल्पकला के देवता हैं भगवान विश्वकर्मा: भगवान दास*
- *वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किया गया यज्ञ संपन्न*

शहर के रेलवे रोड स्थित भगवान श्री विश्वकर्मा चौंक से एक सड़क नई अनाज मंडी में जाती है। श्री विश्वकर्मा सभा ने हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण से मांग की थी कि नई अनाज मंडी रोड भगवान श्री विश्वकर्मा के नाम किया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

तरावड़ी में भगवान विश्वकर्मा दिवस बड़े धूमधाम और श्रद्धा से मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया। समाज के विद्वानों ने भगवान विश्वकर्मा के जीवन, कर्म और योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा शिल्पकला के देवता हैं और संसार की सुंदर रचना उन्हीं की देन है। उन्होंने कहा कि उन्हें ब्रह्मा, विष्णु और शिव के बाद चौथा देवता माना गया है। विधायक ने बताया कि शास्त्रों के अनुसार भगवान विश्वकर्मा ने ही देवताओं के सभी दिव्य निवास स्थानों का निर्माण किया था। उन्होंने कहा कि यह पर्व समाज को जोडऩे, सहयोग और संवाद का अवसर प्रदान करता है। कार्यक्रम की शुरुआत हवन यज्ञ से हुई, जिसमें सुनील जांगड़ा अपनी पत्नी सुषमा देवी के साथ यजमान बने और सतीश शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ सम्पन्न करवाया। हवन के माध्यम से पूरे क्षेत्र व समाज में सुख-शांति की कामना की गई। विश्वकर्मा सभा की ओर से विधायक भगवानदास कबीरपंथी के साथ भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवम बंसल, वीरेंद्र जांगड़ा और पार्षद कमल जांगड़ा को भगवान विश्वकर्मा का स्वरूप देकर सम्मानित किया गया।



तरावड़ी। मुख्यअतिथि विधायक भगवान दास कबीरपंथी को सम्मानित करते सभा के सदस्य। *फोटो: हरिभूमि*



तरावड़ी। श्री विश्वकर्मा मंदिर में आयोजित भगवान श्री विश्वकर्मा जन्मोत्सव पर मौजूद हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण।

#### ये रहे मौजूद

सभा के अध्यक्ष भूषण जांगड़ा ने सभी अतिथियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया तथा कहा कि भविष्य में इस आयोजन को और भव्य रूप दिया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सर्व समाज के सैकड़ों लोगों ने श्रद्धा भाव से प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर हंसराज पाहुजा, अमरनाथ जांगड़ा, जयप्रकाश जांगड़ा, मुकेश जांगड़ा, नंदलाल पाहुजा, सुरेंद्र जांगड़ा, पार्षद कमल जांगड़ा, एडवोकेट गुरतेज पाल सिंह और सुखविंद्र सिंह रामगढ़िया सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने श्रद्धा के साथ विश्कर्मा जयंती मनाई।

#### विधानसभा अध्यक्ष ने किया भगवान विश्वकर्मा को नमन

**घरौंडा।** श्री विश्वकर्मा मंदिर में आयोजित भगवान श्री विश्वकर्मा जन्मोत्सव पर हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे और उन्होंने भगवान श्री विश्वकर्मा जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। स्पीकर कल्याण ने सभी को श्री विश्वकर्मा जी के जन्मोत्सव की बधाई दी। विश्वकर्मा समाज के वंशजों ने स्पीकर कल्याण का पगड़ी पहना कर सम्मानित किया। जन्मोत्सव पर गायकों ने भगवान श्री विश्वकर्मा जी के जीवन पर भजन सुनकर कार्यक्रम को भक्तिमय बना दिया। विश्वकर्मा समाज के लोगों ने श्री विश्वकर्मा चौंक का सौंदर्यकरण व नवीकरण, भवन में निर्माण कार्य के लिए अनुदान राशि के साथ साथ नई अनाज मंडी रोड का नाम भगवान श्री विश्वकर्मा जी के नाम से रखने की डिमांड की। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण समाज के सभी मांगो को प्रमुखता से पूरा करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर नगरपालिका चेयरमैन हैप्पी लक गुप्ता, मार्किट कमेटी चेयरमैन राजकुमार पालीवाल, मंडल अध्यक्ष रोहित भंडारी को भी पगड़ी पहना कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सभी के प्रधान गुलाब धीमान, पूर्व प्रधान सुभाष धीमान, रामकिशन धीमान, कमल धीमान, पूर्व प्रधान धर्मपाल पांचाल, कमल कांत धीमान, मोहन धीमान आदि रहे।

---



कैथल। भाकियू युवा प्रदेशाध्यक्ष राजीव आर्य ढांड जानकारी देते।

### पराली न जलाने की मुहिम में बढ़ाया सहयोग का हाथ

**कैथल।** हरियाणा प्रदेश युवा भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के प्रदेशाध्यक्ष राजीव आर्य ढांड ने पराली प्रबंधन को लेकर जिले के किसानों द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते कहा कि यह एक ऐतिहासिक कदम है, जिसमें किसानों ने पर्यावरण सरंक्षण की दिशा में अनुकरणीय योगदान दिया है। जिला पुलिस प्रशासन की अगुवाई में चल रही पराली न जलाने की जागरूकता मुहिम का असर अब धरातल पर दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि समूचे जिले के किसानों ने पराली में आग न लगाकर यह साबित कर दिया है कि धरतीपुत्र केवल अन्न ही नहीं उपजाता, बल्कि देश और समाज के हित में भी हमेशा अग्रणी भूमिका निभाता है। यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए राजीव आर्य ने कहा कि किसान अब पराली प्रबंधन के विकल्प अपनाकर न केवल वातावरण को प्रदूषित होने से बचा रहे हैं, बल्कि हरियाणा सरकार की ओर से दी जा रही 1200 रुपए प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि पाने के भी पात्र बन रहे हैं।

### सरकार की पराली नीति कागजों में जल रही: हंस

**सीवन।** गुहला विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक देवेंद्र हंस ने कहा कि प्रदेश सरकार ने पराली प्रबंधन के नाम पर किसानों को राहत देने की बजाय उन्हें मुसीबतों में धकेल दिया है। सरकार के बड़े-बड़े दावे और विज्ञापन झूठे साबित हो रहे हैं, जबकि खेतों में पराली के बंडल सड़ रहे हैं और किसान नई फसल की बुवाई को लेकर परेशान हैं। विधायक देवेंद्र हंस ने कहा कि भाजपा सरकार ने पराली प्रबंधन के लिए योजनाओं की झड़ी तो लगा दी, पर जमीनी सच्चाई यह है कि न मशीनें काम कर रही हैं, न ही प्रशासनिक तंत्र सक्रिय है। कागजों में करोड़ों रुपये की मशीनें दिखा दी गई हैं, लेकिन किसान अब भी अपने खेतों में स्वयं संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों के अनुसार मशीनें आई जरूर थीं, पर न उनके संचालन के लिए ईंधन मिला, न ऑपरेटर, और न ही पराली उठाने की कोई व्यवस्था बनाई गई।

### गोवर्धन पूजा का पावन पर्व श्रद्धा के साथ मनाया

सीवन। गोवर्धन पूजा का पावन पर्व बुधवार को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण के प्रतीक गोवर्धन पर्वत की मिट्टी से प्रतिमा बनाकर पूजा-अर्चना की और अन्नकूट भोग अर्पित किया। युवा समाजसेवी नित्यम के आवास पर आयोजित गोवर्धन पूजा कार्यक्रम में संत छविराम दास ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि गोवर्धन पूजा केवल परंपरा नहीं, बल्कि कृतज्ञता का पर्व है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने हमें सिखाया है कि प्रकृति और अन्न का आदर ही सच्ची उपासना है। अन्नकूट सेवा का अर्थ केवल भोजन बनाना नहीं, बल्कि सबके साथ बांटना और सब में ईश्वर को देखना है।

---

## भगवान विश्वकर्मा दुनिया के पहले इंजीनियर थे : रेणूबाला गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

श्री विश्वकर्मा मंदिर ब्राह्मण सभा की ओर से जुंडला गेट स्थित मंदिर व धर्मशाला में भगवान विश्वकर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में मेयर रेणु बाला गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचीं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अजीत जांगड़ा ने की। इस दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे गणमान्य लोगों ने भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद लिया। आयोजकों ने मेयर रेणु बाला गुप्ता का स्मृति चिह्न व पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। मेयर ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा दुनिया के पहले वास्तुकार और इंजीनियर माने जाते हैं, जिन्होंने सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य किया और समाज में एकता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आज भी मजदूर अपने परिश्रम से देश के निर्माण में योगदान दे रहे हैं। मेयर ने कहा कि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं।




## युवाओं से नशा त्यागकर समाजसेवा का लिया संकल्प

- वाल्मीकि मंदिर में कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश वैध का वाल्मीकि समाज ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

वाल्मीकि मंदिर में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष (ग्रामीण) राजेश वैध का वाल्मीकि समाज के युवाओं की टीम ने फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया। पूरे कार्यक्रम में युवा जोश, एकता और समाज सेवा की भावना झलकती नजर आई। राजेश वैध ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा की आप सभी वाल्मीकि समाज के भविष्य हैं। आपकी ऊर्जा, उत्साह और समर्पण से ही समाज आगे बढ़ सकता है। मैं आपसे आग्रह करता हूं कि नशा त्याग कर जीवन की अच्छी राह अपनाएं और समाज की सेवा में योगदान दें। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति ही समाज परिवर्तन की असली ताकत है। यदि युवा सकारात्मक सोच के साथ आगे आएं तो समाज में कोई भी बदलाव असंभव नहीं।



तरावड़ी। कांग्रेस जिला अध्यक्ष (ग्रामीण) राजेश वैध का वाल्मीकि समाज के युवाओं ने फूल-मालाओं से स्वागत करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

#### प्रेरित किया

राजेश वैध ने कहा कि युवाओं का सहयोग और समर्थन उनके लिए अमूल्य है। उन्होंने समाज के सभी युवाओं से एकजुट होकर समाज की मजबूती और उज्ज्वल भविष्य के निर्माण की दिशा में कार्य करने का आह्वान किया। वाल्मीकि समाज के युवाओं ने इस अवसर पर समाज सेवा, शिक्षा और नशा मुक्ति के लिए सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया। इस मौके पर विशाल चौहान, मुनीश कुमार, बंटी वाल्मीकि, कमल चौहान समेत समाज के गणमान्य व्यक्तियों और बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आपसी एकता, सहयोग का संकल्प लिया।

---

## प्रताप स्कूल में मानसिक स्वास्थ्य को लेकर किया जागरूक

- यदि मन स्वस्थ रहेगा, तभी विद्यार्थी अध्ययन, खेलकूद और जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

प्रताप पब्लिक स्कूल में मानसिक स्वास्थ्य एवं जागरूकता पर इन-हाउस प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना तथा तनाव, चिंता एवं अवसाद जैसी समस्याओं से निपटने के लिए उन्हें सही दिशा प्रदान करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल की निर्देशिका पिथी चौधरी एवं प्रधानाचार्य विकास उत्तरेजा द्वारा दीप प्रज्वलित, सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इसके पश्चात प्रशिक्षण सत्र की शुरुआत हुई जिसमें विद्यालय के शिक्षकों ने उत्सुकता से भाग लिया। सत्र की परामर्शदात्री (काउंसलर) श्रीमती किरण दलाल ने शिक्षकों को बताया कि मानसिक स्वास्थ्य शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही महत्वपूर्ण है।



तरावड़ी। कार्यक्रम मे भाग लेते हुये प्रताप स्कूल का स्टाफ

#### किया प्रेरित

उन्होंने यह भी समझाया कि सकारात्मक सोच, नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद और खुलकर अपनी भावनाएं व्यक्त करना मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाता है। यदि मन स्वस्थ रहेगा, तभी विद्यार्थी अध्ययन, खेलकूद और जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। विशेषज्ञ ने प्रशिक्षक दल के साथ विभिन्न गतिविधियां, समूह चर्चा और ध्यान सत्र आयोजित किए। विद्यार्थियों को तनाव प्रबंधन, आत्म- नियंत्रण, मित्रता, समय -प्रबंधन और नकारात्मक विचारों से निपटने के उपाय सिखाए गए। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने अपने प्रश्न पूछे और विशेषज्ञ ने उनके सभी संदेहों का समाधान किया।

### गोसेवा को जन आंदोलन बनाएं: रामकुमार

जींद। सफीदों के विधायक रामकुमार गौतम ने बुधवार को गांव धड़ौली स्थित गोशाला में गौतम कुटीर भवन का शिलान्यास किया। मौके पर उन्होंने यज्ञ हवन में आहुति डाल कर क्षेत्र के लोगों के लिए भगवान से मंगल कामना की। गोशाला को एक लाख रुपये की राशि देने की भी घोषणा की। बताया कि इससे पहले भी मेरे कार्यकाल में सरकार द्वारा लगभग 42 लाख रुपये की धन राशि गोशाला को दी जा चुकी है। विधायक ने कहा कि गो सेवा भारतीय संस्कृति और परंपरा की आत्मा है। हमारे पूर्वजों ने सदैव गाय को माता के रूप में पूजनीय माना है। उन्होंने कहा कि गोशालाएं समाज में दया, सेवा और समर्पण की भावना का प्रतीक हैं। विधायक ने कहा कि गौतम कुटीर भवन के निर्माण से गौशाला परिसर में सेवा कार्यों को और अधिक सुदृढ़ रूप मिलेगा।

## हवन यज्ञ के साथ मनाई गई विश्वकर्मा जयंती

- नंदलाल पांचाल की अध्यक्षता में हुआ आयोजन, सर्व समाज ने लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

श्री विश्वकर्मा पांचाल समाज सभा करनाल के प्रधान नंदलाल पांचाल की अध्यक्षता में भगवान श्री विश्वकर्मा दिवस बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। आयोजन स्थल भगवान श्री विश्वकर्मा चौक, यमुना लिंक नहर, कैथल रोड पर हवन यज्ञ और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर भगवान विश्वकर्मा मंदिर, कर्ण विहार के पुजारी पंडित राजीव शर्मा ने विधिवत हवन यज्ञ संपन्न करवाया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने भगवान विश्वकर्मा से क्षेत्र की समृद्धि और भाईचारे की कामना की। इस मौके पर कार्यकारी महासचिव रजनीश पांचाल, कोषाध्यक्ष विद्या सागर पांचाल, पूर्व महासचिव मनोज पटवा, सलाहकार डॉ. राकेश पांचाल, एकाउंटेंट सुरेंद्र पाल पांचाल, सदस्य रविंद्र पांचाल, जयभगवान पांचाल, रिंकू पांचाल, सुरेश पांचाल आदि मौजूद रहे।

---



कौल में विधायक सतपाल जांबा और कर्मबीर कौल सांसद नवीन जिंदल को सम्मानित करते।

## स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और भाईचारे को जीवन का संकल्प बनाने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कौल गांव स्थित कपिल मुनि तीर्थ पर इस वर्ष दीपावली का पर्व अत्यंत भव्यता और धार्मिक उत्साह के साथ मनाया। सांसद नवीन जिंदल ने ग्रामवासियों के साथ दीप जलाए और एक लाख ग्यारह हजार दीपों से आलोकित इस ऐतिहासिक धाम में दीपावली की मंगल कामनाएं दीं। कार्यक्रम का शुभारंभ कपिल मुनि जी की पावन धरा को नमन करते किया गया। सांसद नवीन जिन्दल ने कहा कि कौल गांव अत्यंत प्राचीन और गौरवशाली स्थल है। यही वह भूमि है जहाँ कपिल मुनि महाराज ने सांख्य शास्त्र का दिव्य ज्ञान दिया था। यह स्थान हरियाणा ही नहीं, बल्कि पूरे भारतवर्ष की आध्यात्मिक धरोहर है। सांसद ने दीपावली, गोवर्धन पूजा, विश्वकर्मा पूजा, भैया दूज और छठ पूजा की शुभकामनाएं देते कहा कि ये सभी त्यौहार हमें उजाले, परिश्रम और एकता का संदेश देते हैं।

### मुख्य रोड पर दिनभर रैंग-रैंग कर चले वाहन, लोगों में छाई मायूसी

# मंडी सीजन में जाम के झाम में फंसे वाहन चालक

- जाम में फंसे वाहन चालकों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ दिखाई दीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

तरावड़ी अनाज मंडी में धान के सीजन के चलते मंडी के दोनों गेटों से लेकर मुख्य मार्गों तक जाम की समस्या ने लोगों का आना जाना मुश्किल कर दिया है। मेन रोड, नाडाना रोड और सौंकड़ा रोड पर दिनभर ट्राले और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की लंबी कतारें लगी रहती हैं, जिससे आमजन को अपने गंतव्य तक पहुंचने में घंटों लग जाते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि मंडी में धान का सीजन शुरू होने के बाद से ही यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। कई बार जाम में एंबुलेंस जैसी इमरजेंसी गाडिय़ां भी फंस जाती हैं, जिससे मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं, सुबह के समय स्कूल जाने वाली बसों और विद्यार्थियों को भी जाम की समस्या झेलनी पड़ती है।अनाज मंडी आढ़ती ऐसोसिएशन के प्रधान सुभाष गुप्ता ने बताया कि मंडी क्षेत्र में बढ़ते जाम को लेकर पुलिस प्रशासन को कई बार सूचित किया गया है और अतिरिक्त पुलिस कर्मियों की मांग भी की गई है। लेकिन कुछ दिनों के लिए पुलिस कर्मी तैनात किए जाने के बाद दोबारा व्यवस्था ढीली पड़ जाती है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि मंडी के दोनों गेटों और सौंकड़ा चौक पर स्थायी रूप से पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई जाए, ताकि यातायात सुचारू रूप से चल सके और आम लोगों को राहत मिले।





तरावड़ी। मंडी के नडाना रोड़ लगा भारी जाम में आमजन और रोड पर पलटे ट्रॉले को सीधा करती जेसीबी। *फोटो: हरिभूमि*

#### जाम में फंस रहे स्कूली वाहन

अगर बात करें तो मेन रोड, नाडाना रोड और सौंकड़ा रोड पर दिनभर ट्राले और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की लंबी कतारें लगी रहती हैं, जिससे आमजन को अपने गंतव्य तक पहुंचने में घंटों लग जाते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि मंडी में धान का सीजन शुरू होने के बाद से ही यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। कई बार जाम में एंबुलेंस जैसी इमरजेंसी गाडिय़ां भी फंस जाती हैं, जिससे मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्कूल वाहन जाम फंस जाते है तो छात्रों को स्कूल जाने में देरी हो जाती है जिससे उनकी पढ़ाई पर सीधा असर पड़ता है।

## खबर संक्षेप

### राज्य स्तरीय बास्केटबॉल में जिले की टीम तृतीय

**पानीपत।** एसजीएफआई चैंपियनशिप के तत्वाधान में भीम स्टेडियम भिवानी में हुई राज्य स्तरीय बास्केटबाल प्रतियोगिता में जिले की टीम तृतीय रही। टीम में शामिल इसराना के वंश जागलान जो कक्षा दस में डीएवी सेंचुरी पब्लिक स्कूल पानीपत के छात्र है का इसराना में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों ने अभिनंदन किया। खिलाड़ी वंश जागलान ने अपनी सफलता का श्रेय अपने कोच अनमोल व अपने पिता राजेश जागलान को दिया है। वंश ने बताया कि उसके पिता राजेश जागलान तीन बार स्कूली नेशनल में कुश्ती खेल चुके है जिन्होंने दो बार कांस्य व एक बात रजत जीता था। पिता के सहयोग व प्रेरणा से वह खेलो की तरफ अग्रसर हो पाया।

### फर्जीवाड़े पर लगाम के दावे खोखले : मोर

**पानीपत।** हरियाणा ओलंपिक संघ के पूर्व सह सचिव एवं इनेलो के खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र सिंह मोर ने हरियाणा ओलंपिक संघ द्वारा 2 से 8 नवंबर तक प्रदेश भर में आयोजित होने वाले राज्य खेल जिसमें इन खेलों के प्रमाणपत्रों के ग्रेडेशन द्वारा गुरप डी की नौकरी मिलने और इस खेल को 27वें हैं और 13 वर्ष बाद आयोजित किए जाने के दोनों दावों को गलत बताते हुए कहा कि मौजूदा खेल पॉलिसी तत्कालीन खेल मंत्री अनिल विज के कार्यकाल में 2018 में लागू हुई थी। जिसमें हरियाणा ओलंपिक संघ के प्रमाणपत्रों अथवा हरियाणा ओलंपिक संघ से मान्य खेल संघों जैसे वाक्यांश हरियाणा ओलंपिक संघ में चले विवादों की वजह से हटाए गए थे। हरियाणा में पिछले कुछ वर्षों में खेल प्रमाण पत्रों के बहुत बड़े फर्जीवाड़े हुए थे, जिसके पकड़े जाने पर सरकार ने विजिलेंस जांच तक की अनुशंसा की थी।

### ग्रेप टू पाबंदियां को सख्ती से लागू करें अधिकारी

**पानीपत।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र एनसीआर में वायु गुणवत्ता खराब होने पर पर वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग सीक्यूएम ने ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान ग्रैप के स्टेज.टू को तत्काल प्रभाव से लागू करने के आदेश जारी किए हैं। डीसी डॉ.वीरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि जिला पानीपत भी एनसीआर क्षेत्र में शामिल है। अतः ग्रैप.स्टेज टू की पाबंदियां की जिले में प्रभावी ढंग से पालना सुनिश्चित करने के संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से ग्रैप स्टेज.टू और टू के तहत जारी नागरिक चार्टर का पालन करने की अपील की गई है। ग्रैप के स्टेज. वन और टू के तहत निर्धारित पाबंदियां लागू किए जाएंगे। निर्माण एवं ध्वंस गतिविधियों पर निगरानी और धूल नियंत्रण उपायों को सख्ती से लागू किया जाएगा। सडक़ की सफाई और पानी का छिडक़ाव बढ़ाया जाएगा। कोयला, लकड़ी और अन्य ठोस ईंधनों के उपयोग पर निगरानी रखी जाएगी। कचरा जलाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### जानलेवा हमले के आरोपी गिरफ्तार, चाकू बरामद

**पानीपत।** थाना सेक्टर 13-17 पुलिस ने यमुना एंक्लेव के नजदीक पेट्रोल पंप के पास डाबर कॉलोनी निवासी लवकेश पर चाकू से जानलेवा हमला करने के आरोपी को मंगलवार शाम को सेक्टर 13-17 से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान देशराज कॉलोनी निवासी गौरव के रूप में हुई है। थाना सेक्टर 13-17 प्रभारी इंस्पेक्टर किरण ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने पैसों के लेनदेन को लेकर दोस्त लवकेश पर जानलेवा हमला करने की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकार किया है। आरोपी ने पूछताछ में पुलिस को बताया वह यमुना एन्कलेव के नजदीक स्थित पेट्रोल पंप पर सेल्समैन की नोकरी करता है। उसने डाबर कॉलोनी निवासी दोस्त लवकेश से 34 हजार रूपए उधार लिए थे। लवकेश अब उससे अपने पैसे मांग रहा था। इसी के चलते वह लवकेश से रंजिश रखने लगा और 18 अक्तूबर को उसको पैसे देने के बहाने घर से बुलाकर लाया और पेट्रोल पंप के नजदीक उस पर चाकू से जानलेवा हमला कर ऑस्कर हस्पताल में छोड़कर उसकी स्कूटी लेकर फरार हो गया।

## भगवान श्रीविश्वकर्मा की बदौलत ही उद्योग जगत ने की तरक्की: पांचाल

*उन्नति एवं विकास के दाता हैं भगवान श्री विश्वकर्मा : हरपाल*

# जिलेभर में धूमधाम से मनाया विश्वकर्मा दिवस, जगह जगह हवन और भंडार में श्रद्धालुओं ने की शिरकत




**पानीपत।** गोहाना रोड श्रीविश्वकर्मा मन्दिर में भगवान श्री विश्वकर्मा पूजा दिवस पर हवन करते श्रद्धालु और श्रीविश्वकर्मा मन्दिर गोहाना रोड में समाज के प्रतिभावान सब इंस्पेक्टर राजेश धीमान को सम्मानित करते आयोजक ।

### भगवान श्रीविश्वकर्मा दिवस पर महोत्सव में समाज के 51 बुजुर्ग एंव प्रतिभावानों को किया सम्मानित, दी बधाई

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत**

जिलेभर में भगवान श्री विश्वकर्मा पूजा दिवस महोत्सव श्रद्धापूर्वक मनाया गया। जगह-जगह भगवान श्री विश्वकर्मा जी की पूजा अर्चना कर भंडारे लगाए,जिसमें प्रातः हवन यज्ञ करने के बाद भगवान श्री विश्वकर्मा जी की पूजा अर्चना कर आरती उतारी गई तत्पश्चात लंगर का आयोजन किया। वहीं आज गोहाना रोड स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर में पंडित नेतराम कौशिक द्वारा हवन यज्ञ कराया, जिसमें समाज के 51 बुजुर्ग एंव प्रतिभावानों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सभा के प्रधान राजकुमार पांचाल ने की। वहीं विशिष्ठ अतिथियों में भोलेराम धीमान, रोशनलाल धीमान, डा.राजकुमार जांगड़ा, विनोद पांचाल, पांचाल समाज के जिलाध्यक्ष विपिन पांचाल व उद्योगपति मुकेश मदान रहे। सभा के पदाधिकारियों ने अतिथियों का फूल मालाओं एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। प्रधान राजकुमार पांचाल ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा ने सृष्टि का निर्माण किया है। आज उन्हीं की बदौलत हम उद्योग जगत में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना शुरू की, तब से उनके कारोबार में अपार वृद्धि हुई है। ईश्वर धीमान ने लंगर व्यवस्था में सहयोग दिया। मुख्य यज्ञमान प्रबंधक राजेंद्र भंड़ारी व हिमांशु पांचाल सपत्नीक रहे।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर संरक्षक विनोद पांचाल, रोशनलाल धीमान, डा.राजकुमार जांगड़ा, महासचिव सुभाष जांगड़ा, कोषाध्यक्ष संजय धीमान, पूर्व प्रधान रघुबीर धीमान, बाबा जयकिशन जांगड़ा, राजमल पांचाल, रामकरण जांगड़ा, अनिल धीमान एडवोकेट, कश्मीरी लाल धीमान, अजय सिंह जांगड़ा, अंतू राम धीमान, परमानंद धीमान, दिनेश धीमान, सुरेश जांगड़ा, भीम सिंह धीमान, धर्मसिंह धीमान, सतबीर जांगड़ा, सतीश धीमान, पालेराम धीमान, सतबीर धीमान कालू, रामपाल धीमान, राममेहर कुराड़, सोमनाथ धीमान, ओमकार पांचाल व रोशन धीमान बाबैल, सुनील धीमान, उमेश धीमान, धर्मबीर धीमान, महिला प्रधान सरोज जांगड़ा, कमला धीमान, राममेहर कौशिक, मोहन लाल, सतीश शर्मा, जगदीश आहूजा, संजय पोपली, कैलाशी सेवा समिति के प्रधान अशोक कैलाशी, कुलदीप गोयल, सतीश सैनी, सूर सम्राट लेखराज जताना व राजबीर धीमान, सुंदर जांगड़ा, ऋषिपाल पांचाल आदि मौजूद रहे। प्रसिद्ध टीवी कलाकार मनोज पांचाल व शिवम पांचाल ने विश्वकर्मा के भजनों की प्रस्तुति दी गई।

## श्री विश्वकर्मा पांचाल सभा ने मनाया श्री विश्वकर्मा पूजा दिवस



**पानीपत।** हरिसिंह कालोनी श्री विश्वकर्मा मन्दिर में मंत्री महीपाल ढांडा के भाई हरपाल ढांडा को सम्मानित करते आयोजक ।

**पानीपत।** नूरवाला की हरि सिंह कॉलोनी स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर में श्री विश्वकर्मा पांचाल सभा द्वारा श्री विश्वकर्मा पूजा दिवस पर हवन यज्ञ किया गया व लंगर लगाया गया। श्री विश्वकर्मा पूजा महोत्सव में प्रातःहवन यज्ञ पंडित हेमंत शुक्ला ने किया। जिसमें मुख्य यजमान बिजेंद्र पांचाल सप्तनीक रहे। जबकि मुख्य अतिथि विधायक महीपाल ढांडा के भाई हरपाल ढांडा रहे। अतिथियों का यहां पहुंचने पर आयोजकों द्वारा जहां फूल मालाओं से स्वागत, पगड़ी व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। यहां पर बोलते हुए मुख्य अतिथि हरपाल ढांडा ने कहा कि तरक्की उन्नति के दाता भगवान श्री विश्वकर्मा जी हैं। आज उन्हीं की बदौलत हमारा समाज देश में तरक्की कर रहा है। उन्होंने कहा कि कोई भी समाज शिक्षा की सीढ़ी पर चढक़र ही आगे बढ़ सकता है इसलिए बच्चों को आधुनिक शिक्षा दिलवाएं। सभा के प्रधान ईश्म पांचाल ने सभी अतिथियों व सहयोगियों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर तेलू राम पांचाल,चेयरमैन विनोद पांचाल, सतपाल पांचाल बालू, जितेंद्र पटवा, सुभाष बिराल, रविन्द्र मंडावर, जयपाल मंडावर, मौजी पांचाल, रतन जेहरा, धर्मबीर लडवा, डा.इंद्रपाल, भूपेंद्र पांचाल, रोहतास पांचाल, बबलू पांचाल, सुनील शर्मा, मांगेराम पांचाल, प्रमोद पेंटर, रफल सिंह कश्यप, धमेंद्र प्रजापति, मा. विनोद सैन आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## पोपो जागलान ने विश्वकर्मा मंदिर सभा को दिए 21 हजार

■ लंगर भवन निर्माण के लिए 5 लाख की घोषणा



**पानीपत।** विश्वकर्मा मंदिर परिसर में सुमित्रा जागलान को सम्मानित करते हुए समिति सदस्य ।

**इसराना।** विश्वकर्मा समाज सुधार समिति के तत्वाधान में इसराना के विश्वकर्मा मंदिर परिसर में आज विश्वकर्मा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि भाजपा नेत्री पोपो जागलान उर्फ सुमित्रा जागलान ने अपने निजि कोष से मंदिर कमेटी को 21 हजार रुपए दिये व उन्होंने विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार बिहार चुनावों में पार्टी चुनाव प्रचार के लिए गये हैं। जिनके आने के बाद विश्वकर्मा मंदिर के सुधार के लिए उनसे भी अनुदान राशि ली जायेगी। वहीं भाजपा नेत्री ने आयोजन समिति को अपने निजी कोष से 21 हजार रुपए भेंट किए व मंदिर में सरकार से लंगर हाल बनवाने का भरोसा दिया। इसके अलावा इसराना ब्लाक पंचायत समिति चेयरमैन हरपाल मलिक ने मंदिर की चारदीवारी बनवाने के लिए 5 लाख रुपए देने की घोषणा की। विश्वकर्मा मंदिर सभा ने पोपो जागलान को शाल ओर पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। चेयरमैन हरपाल मलिक को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर सरपंच राजेश लाकडपाड, अमित टोनी पहलवान, आनन्द शर्मा, जगदीश चन्द्र समिति के प्रधान रमेश जांगड़ा, उपप्रधान सत्यप्रकाश पांचाल, सतीश धीमान व सुमेर जांगड़ा, रामफल जांगड़ा, कर्मा जांगड़ा, संजय, सत्यवान, संदीप पांचाल, सोमबीर, राजेश धीमान व सुरेन्द्र मौजूद रहे।



**पानीपत।** परशुराम मंदिर में भगवान श्रीविश्वकर्मा की पूजा अर्चना करते आयोजक।

## परशुराम मंदिर में किया विश्वकर्मा पूजन

**पानीपत।** भगवान विश्वकर्मा पूजा दिवस परशुराम कॉलोनी वार्ड नंबर 3 परशुराम मंदिर में भी मनाया गया। मंदिर के मुख्य पुजारी अरुण पांडे ने यजमान जितेंद्र जांगड़ा ने सपरिवार हवन किया। मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के बड़े भाई हरपाल ढांडा ने विश्वकर्मा जी महाराज के जीवन के बारे में बताया और उनके बताए मार्ग पर चलने को कहा। इस अवसर पर साधु राम जांगड़ा, जेपी शर्मा, विजय शर्मा, रामकुमार जांगड़ा, सतपाल जांगड़ा, नारायण दत्त शर्मा, जवाहरलाल शर्मा, जयकुमार जांगड़ा, विशाल जांगड़ा, चिराग जांगड़ा, वंशु जांगड़ा, जयपाल जांगड़ा, रविंद्र जांगड़ा, व ऋ तिक जांगड़ा आदि मौजूद रहे। वहीं राजनगर स्थित श्री विश्वकर्मा धर्मशाला में भी भगवान श्री विश्वकर्मा पूजन पर हवन यज्ञ कर प्रसाद वितरित किया गया। जिसमें धर्मसिंह धीमान, रामकुमार बापौली, रामकरण जांगड़ा,राजमल व जयकिशन जांगड़ा आदि मौजूद रहे।

## गोवर्धनजी को लगाए गए 56 भोग



**पानीपत।** कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष प्रतिपदा पर शहर और ग्रामीण अंचल में गोवर्धन पूजन पर्व मनाया गया। मॉडल टाउन की भाटिया कॉलोनी में श्री गणेश मंदिर में समिति और वृंदावन ट्रस्ट ने मिलकर आज गोवर्धन महोत्सव मनाया। मुख्यतिथि ईश्वर गोयल और नवीन गर्ग रहे। मंदिर में शाम को ही गोबर से गोवर्धन पर्वत की आकृतियां बनाईं और भगवान श्रीकृष्ण की पूजा की। पूजा के दौरान महिलाओं ने 56 भोग का प्रसाद अर्पित किया। महिलाओं ने गोवर्धन महाराज की परिक्रमा की और मंगल गीत गाते हुए श्रीकृष्ण कथा सुनी। प्रधान बलदेव गांधी, महासचिव हरीश बंसल, वृंदावन ट्रस्ट के प्रधान राकेश बंसल व विकास गोयल आदि मौजूद रहे। इसके बाद लोगों के लिए भंडारे का आयोजन किया। हरीश बंसल ने बताया कि गोवर्धन पर्व मनाने के लिए भक्त मथुरा और गिरिराज जी पर्वत पहुंचते हैं।



**पानीपत।** हरि सिलाई सेंटर पर गोवर्धन पूजा उत्सव पर मौजूद महिलाएं।

## हरि सिलाई सेंटर में अन्नकूट प्रसाद का वितरण, गोवर्धन पूजा की

**पानीपत।** श्री पूरन आशा जन कल्याण सोसाइटी के तत्वावधान में हरि सिलाई सेंटर पर अन्नकूट, गोवर्धन पूजा और धनतेरस उत्सव धूमधाम से मनाया गया। सोसाइटी की प्रधान किरण शर्मा, वरिष्ठ सदस्य राम शर्मा और डिंपल देवी की अगुवाई में आयोजित इस कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने मिलकर भगवान श्रीकृष्ण व गोवर्धन पूजा की और सुख.समृद्धि की कामना की। पूजा के बाद अन्नकूट प्रसाद तैयार किया गया। प्रधान किरण शर्मा ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में प्रेम, एकता और सेवा की भावना को बल मिलता है। उन्होंने कहा कि श्री पूरन आशा जन कल्याण सोसाइटी का उद्देश्य समाज में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और सामाजिक कार्यों के माध्यम से लोगों को जोड़ना है। राम शर्मा ने बताया कि हर वर्ष की तरह धनतेरस और गोवर्धन पूजा एक साथ आयोजित की गई।



**पानीपत।** शहीदों को नमन करते पुलिस अधिकारी । फोटो : हरिभूमि

## पुलिस झण्डा दिवस पर मांडी व नौल्था के शहीदों को किया नमन, दी श्रद्धांजलि

**पानीपत।** अमर शहीदों की याद में पुलिस विभाग की ओर से 21 से 31 अक्तूबर तक पुलिस शहीदी व पुलिस झण्डा दिवस मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नौल्था व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मांडी में शहीदों को नमम किया गया। इंस्पेक्टर देवेंद्र ने अमर शहीदों की जीवनी परिचय व वीरगाथा के बारे विस्तार से बताया कि अमर शहीद एएसआई जगदीश चंद्र ने नौल्था गांव से थे। जून 2006 में वह रोहतक पुराना बस स्टैंड चौंकी में इंचार्ज थे। क्षेत्र में दो पक्ष आपस में भिड़ रहे थे। इस दौरान गंभीर रुप से घायल खून से सने युवक की जान बचाने के लिए एएसआई जगदीश चंद्र ने बीच.बचाव किया तो दूसरे पक्ष के युवकों ने उन पर चाकू से हमला कर दिया। इससे जगदीश चंद्र शहीद हो गए। वहीं गांव मांडी वासी अमर शहीद युजीसी रणधीर सिंह अप्रैल 2005 में सोनीपत के बरोदा थाना में तैनात थे। महम रोड पर कथूरा के पास नाकाबंदी के दौरान अपराधियों के साथ मुठभेड़ हुई।

*महिला व पुरुषों ने ने सात बार गोवर्धन जी की परिक्रमा की*

## रघुनाथ मंदिर में हुई गोवर्धन भगवान की पूजा, श्रद्धालुओं ने लिया आशीर्वाद



**पानीपत।** रघुनाथ मंदिर में गोवर्धन की पूजा करते पदाधिकारी । फोटो : हरिभूमि

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा**

श्रीसनातन धर्म रघुनाथ मंदिर मॉडल टाउन में आज गोवर्धन पूजा की गई। उसके उपरांत अन्नकूट का प्रसाद वितरण किया गया। उत्सव कमेटी के अध्यक्ष कुलभूषण अरोड़ा, मंदिर सभा के अध्यक्ष प्रदुमन गुल्यानी के नेतृत्व में विधिवत्त गोवर्धन की पूजा की। पुजारी पंडित बाबूराम शर्मा ने विधिवत्त पूजा अर्चना की, जिसमें महिला व पुरुषों ने भाग लिया। सात बार गोवर्धन जी की परिक्रमा की गई। उसके उपरांत अन्नकूट का प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर विकास साहू, बलवंत राय मल्होत्रा, इंद्रलाल कुमार, वेद कुमार, अजय मल्होत्रा, हरिओम, शिवम गिरधर, राजवीर तंवर, शिव खुराना, अविनाश शर्मा व विनोद मल्होत्रा उपस्थित रहे।

## भंडारे में श्रद्धालुओं ने चखा प्रसाद



**पानीपत।** गोहाना रोड श्री विश्वकर्मा मन्दिर में लंगर में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु

## भाजपा सरकार ने गन्ने का मूल्य मात्र 15 रुपये बढ़ाकर किसानों के साथ किया मजाक : गुर्जर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर**

भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर ने कहा कि गन्ने का मूल्य मात्र 15 रुपये बढ़ाकर किसानों के साथ भद्दा मजाक किया गया है। यह ऊंट के मुंह में जीरा है। बुधवार को रादौर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए गुर्जर ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री जो अपने आप को किसान का बेटा कहते हैं और गन्ना बाहुल्य क्षेत्र से संबंध रखते हैं, उन्होंने गन्ने का मात्र 15 रुपये बढ़ाकर किसानों के साथ भद्दा मजाक किया है। गन्ने की लागत जिसमें खाद, दवाइयां, गन्ना बंधाई, रखरखाव व गन्ना छिलाई की लेबर जो हर वर्ष 20 रुपये बढ़ा देती है।

कम से कम 500 रुपये गन्ने का रेट हो तब किसान इस लागत को पूरी कर सकता है। उन्होंने कहा कि पिछले 15 सालों से किसानों के साथ गन्ने के रेट को लेकर मजाक किया जा रहा है।

**निमंत्रण** डिप्टी स्पीकर के बेटे ऋषि का विवाह 23 नवंबर को हुआ निश्चित

# डिप्टी स्पीकर डॉ. मिड्ढा ने बेटे की शादी का प्रथम निमंत्रण रघुनाथ मंदिर में दिया

■ डिप्टी स्पीकर के पिता ने स्थापित करवाई गई थी शेरावाली की मूर्ति

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा**

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डॉ.कृष्ण लाल मिड्ढा ने अपने बेटे ऋ षि के शादी का पहला निमंत्रण कार्ड रघुनाथ मंदिर मॉडल टाउन मां शेरावाली के चरणों में रखा। श्री रघुनाथ मंदिर मॉडल टाउन समालखा की उत्सव कमेटी के अध्यक्ष कुलभूषण अरोड़ा ने बताया कि रघुनाथ मंदिर मॉडल टाउन में मां शेरावाली की विशाल मूर्ति हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डॉक्टर कृष्ण लाल के पिता द्वारा स्थापित करवाई गई थी। मूर्ति स्थापना के दिवस पर वह हर वर्ष यहां पहुंचते थे और पूजा अर्चना करते थे। इस रस्म को डिप्टी स्पीकर डॉ.कृष्ण लाल मिड्ढा भी निभा रहे हैं। उनके बेटे ऋषि का विवाह 23 नवंबर को निश्चित हुआ है। जिसका प्रथम कार्ड लेकर वह आज रघुनाथ मंदिर में पहुंचे। जिनका रघुनाथ मंदिर सभा ने अध्यक्ष प्रदुमन गुल्याणी के नेतृत्व में अभिनंदन किया। पुजारी पंडित बाबू राम शर्मा ने विधिवत्त पूजा अर्चना करके मां शेरावाली के दरबार में शादी का निमंत्रण कार्ड रखवाया। डा.कृष्ण लाल ने श्री सनातन धर्म रघुनाथ मंदिर सभा के सदस्यों को भी निमंत्रण कार्ड दिया। सभा की तरफ से डॉक्टर मिड्ढा को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर इंद्र लाल कुमार, अविनाश शर्मा, पवन गर्ग, मन्नू छाबड़ा, संजीव शर्मा, विनोद मल्होत्रा, बलवंत राय मल्होत्रा व उत्सव कमेटी के अध्यक्ष कुलभूषण अरोड़ा उपस्थित रहे।



**पानीपत।** डिप्टी स्पीकर डॉ.कृष्ण लाल मिड्ढा को सम्मानित करते मंदिर सभा पदाधिकारी।

## परिवार के साथ दीवाली व गोवर्धन पूजा कर मां व ताऊ का लिया आशीर्वाद

# पैतृक गांव मिर्जापुर पहुंचे सीएम ग्रामीणों ने फूलों की बरसात की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

■ सभी को दीपावली, भगवान विश्वकर्मा दिवस तथा भैया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं दीं

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी देर शाम अपने पैतृक गांव मिर्जापुर माजरा पहुंचे। उनके गांव आगमन पर प्रशासनिक अधिकारियों, भाजपा कार्यकर्ताओं और ग्रामवासियों ने फूलों की वर्षा कर जोरदार स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने गांववासियों व अन्य लोगों को शुभकामनाएं देते कहा कि दीपावली का पर्व खुशियों और प्रकाश का प्रतीक है। यह हमें एकता और सामाजिक समरसता का संदेश देता है। उन्होंने सभी को दीपावली, भगवान विश्वकर्मा दिवस तथा भैया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। गांव पहुंचने पर छोटे-छोटे नन्हे बच्चों ने मुख्यमंत्री के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने बच्चों को प्यार व आशीर्वाद देते उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपनी माता कुलवंत कौर एवं ताऊ तेजा राम सैनी के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद उन्होंने अपनी धर्मपत्नी सुमन सैनी (उपाध्यक्ष हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद), पुत्र अनिकेत सैनी, पुत्री वंशिका सैनी, भाई चंदन सैनी, भतीजे हनीश सैनी, रसम सैनी एवं अन्य परिजनों के साथ घर पर पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और मंगल की कामना की। उपायुक्त अजय सिंह तोमर, भाजपा जिला प्रधान मनदीप राणा, भाई नंबरदार सुरेश पाल सैनी, भगत रघुवीर सैनी, विकास सैनी व गौरव सैनी सहित परिवार के अन्य सदस्य तथा भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामवासी तथा अधिकारी भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का हेलीकॉप्टर राजकीय महाविद्यालय नारायणगढ़ में बने हेलीपैड पर उतरा था। वहां उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। प्रशासनिक अधिकारियों व भाजपा पदाधिकारियों के साथ कार्यकर्ताओं ने भी सीएम का गर्मजोशी से अभिनंदन किया।



गांव आगमन पर मुख्यमंत्री नायब सैनी पर फूलों की बरसात करते ग्रामीण व अन्य।

## ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने अंबाला छावनी में कार्यक्रम को किया संबोधित

*मंत्री विज बोले-जब कोई शिल्पकारी करता है तो उसके अंदर विश्वकर्मा काम करते हैं*

# भगवान विश्वकर्मा सृष्टि के रचयिता धरती को बनाया इंसान के लायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

■ विश्वकर्मा दिवस साल में दो बार मनाया जाता है।

मंत्री अनिल विज ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा सृष्टि के रचयिता हैं। भगवान विश्वकर्मा ने ही मनुष्य के रहने के लायक धरती का निर्माण किया है। इससे पहले, धरती पर खाई, तूफान, जंगल, पेड़-पौधे होते थे। भगवान विश्वकर्मा ने ही सृष्टि की रचना करते हुए इसे मनुष्य के रहने के लायक बनाया क्योकि वह सर्वव्यापी है, वो हर मनुष्य के जीवन में व्याप्त है। ऊर्जा मंत्री बुधवार को अंबाला छावनी के रामबाग रोड पर भगवान विश्वकर्मा दिवस के उपलक्ष्य में श्री गुरू विश्वकर्मा मदिर लेबर यूनियन द्वारा आयोजित कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित जनों को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने मंदिर में माथा टेककर भगवान विश्वकर्मा का आर्शीवाद प्राप्त किया। विज ने मौके पर भगवान विश्वकर्मा दिवस बधाई देते कहा कि आज हम विश्व के सबसे बड़े शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा दिवस मनाने के लिए यहा एकत्रित हुए हैं। विश्वकर्मा दिवस साल में दो बार मनाया जाता है। एक बार सितंबर में तथा दूसरा दीपावली के अगले दिन मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि सारे देश के शिल्पकार विश्वकर्मा दिवस बड़ी श्रद्धा के साथ मनाते हैं। इस दिन वह अपने औजारों की पूजा भी करते हैं। ये जो सारा ब्रहंड है, चल-अचल संपत्ति है और स्वर्ग का निर्माण भगवान विश्वकर्मा ने किया था। क्योंकि वे सर्वव्यापी है। वो हर मनुष्य के जीवन में व्याप्त है।

उन्होंने कहा कि भगवान विश्वकर्मा ने सृष्टि को बनाया है। किसी चीज को बनाने के लिए तीन चीजों की आवश्यकता होती है जिनमें सबसे पहली जगह होना, दूसरा रॉ मैटेरियल होना और तीसरा बनाने वाली शक्ति चाहिए। मनुष्य की हर चीज आवश्यकता जैसे घर, सड़क, स्कूल कॉलेज व अन्य को हम बनाते हैं उस पर हमारे बोर्ड लग जाते हैं लेकिन वास्तव में यह सब चीजें विश्वकर्मा द्वारा बनाई गई हैं। उन्होंने कहा कि भगवान विश्वकर्मा से ही प्रेरणा लेकर हम इन सब कार्यों को करवाते हैं। विश्वकर्मा द्वारा बहुत सुन्दर चीजें एवं कृतियां बनाई गई है। हम हैरान होते हैं कि कारीगरों ने सुंदर प्रतिमाएं कैसे बनाई, मगर इनके पीछे भी भगवान विश्वकर्मा होते हैं। कोई मनुष्य जब भी कोई काम करता है शिल्पकारी करता है तो वास्तव में उनके अंदर का विश्वकर्मा काम करता है। अंबाला छावनी में भी शिल्पकारों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा, भगत सिंह व अन्य की प्रतिमाएं हैं। इतनी सुन्दर चीजें बनाई गई है वह सब विश्वकर्मा की देन है। श्रीमद्भागवद् गीता में भी कहा गया है कि काम कर काम कर, कर्म का आधार ही गीता है। उन्होंने इस अवसर पर सभी को विश्वकर्मा दिवस की बधाई दी।





अंबाला। भगवान विश्वकर्मा का आशीर्वाद लेते मंत्री अनिल विज व मौजूद लोग। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस दौरान श्री गुरू विश्वकर्मा मंदिर लेबर यूनियन के पदाधिकारियों ने मुख्यअतिथि को स्मृति चिह्न व शॉल भेंटकर उनका भव्य अभिनंदन भी किया। इस दौरान लेबर यूनियन के प्रधान राजीव पंचाल, महासचिव मेहर सिंह सैनी, रणधीर पंचाल, अशोक, सुबेदार सतीश कुमार, कैप्टन प्रताप भीमरा, नप उपाध्यक्ष ललता प्रसाद, रवि बुद्धिराजा, हर्ष बिंद्रा, प्रवेश शर्मा, विजेंद्र चौहान, बीएस बिंद्रा, आशीष अग्रवाल, बलित नागपाल, दीपक भसीन, इकबाल ढांडा भी मौजूद रहे।

### सान्या को किया सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने गोहाना स्थित रूखी गांव की रहने वाली सान्या पंचाल को भी स्मृति चिह्न भेंटकर प्रोत्साहित किया। बता दें कि सान्या पंचाल ने 98 दिन में जम्मू कश्मीर से कन्या कुमारी तक लगभग 4 हजार किलोमीटर मैराथन की है। मैराथन के दौरान अंबाला आगमन पर सान्या पंचाल ने कैबिनेट मंत्री से मिलकर आशीर्वाद भी लिया था। परिजनों ने मंत्री से मिलकर उनका धन्यवाद किया।

## विश्वकर्मा दिवस पर हवन में दी आहुतियां गणमान्य व्यक्तियों को किया सम्मानित

■ भजन कीर्तन से विश्वकर्मा की स्तुति की

**नारायणगढ़।** भगवान श्री विश्वकर्मा मंदिर में प्रधान अरविंद धीमान की अध्यक्षता में भगवान विश्वकर्मा दिवस के अवसर पर धार्मिक कार्यक्रम एवं भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अनिल धीमान ने बतौर यजमान शिरकत की। हवन, यज्ञ एवं झंडा रस्म के बाद भजन कीर्तन के माध्यम से बाबा विश्वकर्मा जी की स्तुति की गई। प्रधान अरविंद धीमान ने झंडे की रस्म अदा की। इस अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु भगवान विश्वकर्मा जी का आशीर्वाद लेने पहुंचे। इस अवसर पर जसविंदर धीमान बबली, राकेश धीमान, अश्वनी धीमान, सुरेन्द्र धीमान, अनिल धीमान, जसविंदर धीमान, राज कुमार धीमान, विकास धीमान, राजिंदर धीमान, नपा सदस्य रानी धीमान, राजेश धीमान, सुरजीत मक्कड़, कुलदीप सिंह, धर्मवीर रिम्पी, परवीन धीमान, पंडित राकेश कुमार, राम कुमार धीमान, प्रेम चंद धीमान, राज पल धीमान, चमन लाल धीमान, एडवोकेट विकास धीमान, तरुण धीमान, शक्ति धीमान, गुरमुख धीमान, ज्वाला धीमान, नितिन धीमान, दीपक धीमान, सुशील धीमान, बलजिंदर धीमान, रमेश धीमान, कमल धीमान, बरखा राम धीमान, विद्या सागर, सचिन धीमान, सुभाष धीमान सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।



नारायणगढ़। धार्मिक कार्यक्रम में पहुंचे गणमान्य लोगों को सम्मानित करते प्रधान अरविंद धीमान।

### शव परिजनों के हवाले

**अंबाला।** अंबाला-सहारनपुर रेल मार्ग स्थित गांव तंदवाल के रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के आगे कूदकर जान देने वाले प्रेमी युगल के शवों का पोस्टमार्टम करवाने के बाद उन्हें परिजनों के हवाले कर दिया गया हे। मृतक युवक के पास मिले सुसाइड नोट के आधार पर पुलिस ने 174 के तहत कार्रवाई की है। इसमें किसी भी परिजन को आरोपी नहीं बनाया गया है। दोनों के परिजनों के बयान दर्ज करने के बाद पुलिस ने मामले की जांच भी बंद कर दी है।

### दो पक्षों में चले लाठी डंडे

**अंबाला।** जैतपुरा गांव में डिस्पेंसरी की जमीन के विवाद में दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले। इस हमले में एक पक्ष से दो महिलाओं सहित पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इन घायलों में गांव जैतपुरा के जसतार सिंह, उनका बेटा अमनदीन सहित पत्नी, भतीजे व भाभी शामिल रहे। मारपीट में एक महिला का दांत भी टूट गया। पुलिस ने जोगपाल, राजकुमार सहित अन्य पर मारपीट की धाराओं की तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### ठेकेदार से झपटी चेन

**अंबाला।** अंबाला-अमृतसर हाईवे की सर्विस लेन पर पहले से घात लगाए बैठे पांच युवकों ने लघु शंका करने रुके करनाल नगर पालिका में सरकारी ठेकेदार से चेन झपट ली। बदमाश उसे झाड़ियों में घसीटकर ले गए और उसकी पेंट की जेब से 60 हजार रुपये, तीन एटीएम, क्रेडिट कार्ड और गाड़ी की चाबी भी निकाल ली। लूट के बाद सभी युवक रेलवे ट्रैक की तरफ भाग गए। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जीवन में गुरु का पदार्पण होने से जागृत होता है इंसानी मन

## दिव्य ज्योति जागृति संस्थान आश्रम में दिवाली व विश्वकर्मा दिवस पर आयोजित भव्य सत्संग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

शहर के मॉडल टाउन स्थित दिव्य ज्योति जागृति संस्थान आश्रम में दीपावली व विश्वकर्मा दिवस के उपलक्ष्य में सत्संग एवं भजन संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साध्वी नैतिकता भारती ने सभी नगर निवासियों को संस्थान की ओर से दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते कहा कि प्रत्येक पर्व एवं त्यौहार देश की गरिमा को दर्शाता है किंतु ये हम पर निर्भर है कि हम इन त्यौहारों के मर्म को जान कर पूर्ण रूप से लाभान्वित होते हैं।

कहा कि मानव मन पूर्णत तभी जागृत होता है जब उसके जीवन में गुरु का पदार्पण हो क्योंकि हम अपने मन और बुद्धि से कितना भी धन अथवा ज्ञान अर्जित क्यों न कर लें परन्तु गुरू, भक्ति और ब्रह्मज्ञान के बिना सांसारिक ज्ञान अधूरा है। जैसे दीपावली की रात्रि को अकेली मां लक्ष्मी की पूजा नहीं की जाती है अपितु उनके साथ गणेश तथा मां सरस्वती का पूजन भी किया जाता है। धन संपदा की देवी मां लक्ष्मी का आह्वान विवेक के प्रदाता गणेश और कर्मठता एवं सर्वगुण संपन्नता को देने वाली मां सरस्वती के साथ किया जाता है ताकि हमारे विवेक और कर्मठता के द्वारा धर्मपरायण होकर अर्जित धन एवं ज्ञान हमारे घर में स्थाई संपन्नता एवं सुख शान्ति लेकर आए।



अंबाला। सत्संग में श्रद्धालुओं को संबोधित करते साध्वी नैतिकता भारती व अन्य।

### प्रेरित किया

भारती ने कहा कि मानव मस्तिष्क का प्रत्येक विचार, स्वभाव और मान्यताएं उसके द्वारा ग्रहण किए गए ज्ञान पर ही आधारित होते हैं।इसी लिए शास्त्रों में सुसंगती के लिए मनुष्य को प्रेरित किया गया है। यह शाश्वत सत्य है कि जब तक हम अपने जीवन में ब्रह्मनिष्ठ संत के द्वारा ब्रह्मज्ञान प्राप्त करके निरंतर उनकी आज्ञा में चलते हुए सत्संग, सेवा, साधना और सुमिरन को स्थान नहीं देते, तब तक हम अपने जीवन में कर्मयोग, भक्तियोग अथवा ज्ञान योग के सूत्रों से लाभान्वित नहीं हो पाते। जैसे एक दीये के भीतर छिपी अग्नि को प्रकट करने के लिए उसे अग्नि के किसी बाहरी स्रोत से संपर्क साधने की आवश्यकता होती है। यह गुरू की महिमा है कि वे सर्व सामर्थ्यशाली होने पर भी शिष्य को अपने विश्व शांति के महान लक्ष्य में सहभागी बनाता है ताकि शिष्य अपने कर्म संस्कारों एवं मन के विकारों से मुक्त होकर अपने जीवन का उत्थान करके जन्म मरण के चक्रव्यूह से मुक्त हो पाएं।

# आतिशबाजी की वजह से हवा में प्रदूषण का स्तर बेहद खराब, एक्यूआई 160 के पार

**अंबाला** दीवाली पर जमकर आतिशबाजी होने से ट्विन सिटी की फिजा में प्रदूषण का स्तर बढ़ गया है। दीवाली की रात में शाम 7 बजे से 2 बजे तक फूटे पटाखों के कारण हवा में प्रदूषण का स्तर बेहद खतरनाक स्तर पर था। बीते सोमवार शाम 4 बजे से लेकर मंगलवार शाम 4 बजे तक एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 234 रिकॉर्ड किया गया था। यह एक्यूआई खराब स्थिति में रहा। जिससे लोगों को सांस लेने में दिक्कत आने के साथ ही खांसी-जुखाम जैसी एलर्जी की समस्या भी रही। 201 से ऊपर का एक्यूआई स्तर खराब माना जाता है और इसके लिए सावधानी बरतनी जरूरी है। बुधवार को भी हवा में प्रदूषण का स्तर 160 के पास था। क्योंकि मंगलवार व बुधवार को भी रोक के बावजूद लोगों ने आतिशबाजी की। आतिशबाजी के कारण हवा में निरंतर जहर घुल रहा है। रोक के बावजूद देर रात तक लोग पटाखे चलाते रहे। निरंतर बदल रहा मौसम मौसम भी लगातार बदल रहा है। इस वजह से भी लोगों की परेशानी बढ़ रही है। अगले दो-तीन दिन तक प्रदूषण का असर देखने को मिल सकता है। प्रदूषण विभाग लगातार एक्यूआई पर नजर रख रहा है, अगर यह एक्यूआई और बढ़ता तो इसको आगामी कदम उठाए जा सकते हैं ताकि इसमें सुधार हो सके।

**अस्थमा व फेफड़ों की बीमारियों से जूझ रहे मरीजों की बढ़ी दिक्कत, चिकित्सक बोले घर से बाहर जाने में परहेज करें ऐसे लोग**

### खास ख्याल रखने की जरूरत

जिला नागरिक अस्पताल में सामान्य रोग विशेषज्ञ डॉ. अर्पिता गर्ग ने बताया कि दीवाली के दिनों में हवा में प्रदूषण बढ़ जाता है। जिन लोगों को अस्थमा के कारण सांस की दिक्कत है, उन लोगों को इन दिनों में खास ख्याल रखने की जरूरत है। वह मुंह पर मास्क बांधकर रखें या रूमाल भी बांध सकते हैं। पटाखों का धुंआ सीधा फेफड़ों पर असर करता है इसलिए युवाओं के साथ ही बुजुर्गों को भी ख्याल रखना चाहिए। बुजुर्गों को अभी कुछ दिन शाम की सैर करने से भी बचना चाहिए। एक आदर्श एक्यूआई स्तर 50 से कम होना चाहिए। जिसे अच्छा माना जाता है। इसी तरह 50 से 100 के बीच का स्तर मध्यम होता है। 101 से 150 स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है और 151 से 200 अस्वस्थ होता है। इससे संवेदनशील लोगों के लिए स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं बढ़ सकती हैं। 201 से ऊपर का एक्यूआई स्तर खराब माना जाता है। इसके लिए सावधानी बरतनी चाहिए।

## अन्नकूट महोत्सव मनाया

**अंबाला।** कार्तिक महीने की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को होने वाली गोवर्धन पूजा या अन्नकूट महोत्सव बुधवार को मनाया गया। इस साल प्रतिपदा तिथि की शुरुआत 21 अक्तूबर की शाम 5:55 बजे से हो रही है और यह अगले दिन यानी 22 अकतूबर की रात 8:17 बजे तक रहेगी। ये जानकारी ज्योतिषी गिरीश आहूजा ने दी। उन्होंने बताया इस बार कार्तिक अमावस्या में वृद्धि होने के कारण अमावस्या दो दिन पड़ने की वजह से यह पर्व 22 अक्तूबर को मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि गोवर्धन पूजा का शुभ मुहूर्त सुबह 6:30 से 8:50 मिनट तक। सांय काल पूजा दोपहर 3:36 बजे से 5:52 बजे तक रहेगा। दोपहर का यह मुहूर्त स्वाति नक्षत्र और प्रीति योग के शुभ संयोग के कारण पूजा-अर्चना के लिए सबसे उत्तम माना गया है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## दिवाली पर बिके साढ़े छह करोड़ के पटाखे

**अंबाला।** छावनी के गांधी मैदान सहित रामबाग रोड और अंबाला शहर के सेक्टर आठ में विभाग द्वारा चिन्हित की गई विभिन्न जगहों पर पटाखों के स्टाल लगाए गए। इन पटाखों के स्टालों पर लोगों की सुबह से लेकर रात तक भीड़ जुटी रही। इसके अलावा पटाखों की बिक्री के लिए प्रशासन की ओर से विशेष प्रबंध किए गए थे ताकि कोई दुर्घटना न हो। पटाखा स्थल पर अग्निशमन वाहनों के साथ पुलिस की ड्यूटी लगाई गई थी ताकि कोई शरारती तत्व किसी प्रकार की छेड़छाड़ न कर पाए। पटाखों के साथ युवाओं ने गंधक पटास की भी जमकर खरीदारी की। पटाखों के थोक विक्रेता चिराग अरोड़ा ने बताया कि इन तीन दिनों की बिक्री के दौरान करीब साढे छह करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार हुआ है। दुकानदार प्रदीप, गौतम, वरुण और रमेश ने बताया कि इस बार स्काई शॉट, गंगा जमना, कंडील, अनार, छोटी बड़ी फुलझड़ी, राकेट, अमरेला, कॉक ब्रांड, बुलेट व चकरी आदि की खूब मांग रही और लोगों ने जमकर इन पटाखों की खरीदारी की।

**परेशानी** भीड़ को देखते रेलवे की ओर से चलाई जा रही कई विशेष ट्रेनें

*रेलवे प्रबंधक ने स्टेशन का लिया जायजा, अधिकारियों को दिए जरुरी निर्देश*

# छठ पर्व को लेकर अंबाला रेलवे स्टेशन पर बढ़ी यात्रियों की भीड़, हरदिन आ रहे एक लाख यात्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

दीपावली के बाद अब अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर छठ पर्व को लेकर भीड़ बढ़ने लगी है। भीड़ को देखते हुए रेलवे ने अपनी तैयारियां शुरु कर दी है। रेलवे स्टेशन के अनारक्षित टिकट केंद्र पर अतिरिक्त काउंटर खोलने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन पर भी कर्मचारी की तैनाती कर दी गई है। जल्द ही मोबाइल से टिकट देने की प्रक्रिया भी आरंभ कर दी जाएगी। रेलवे ने इस सभी सुविधाओं की निगरानी के लिए विभागीय अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है।

### बुधवार से शुरू हुआ संचालन

ट्रेन नंबर 4602 फिरोजपुर से 22 अक्तूबर से 19 नवंबर तक प्रत्येक बुधवार को चलेगी। इसी प्रकार ट्रेन नंबर 04656 लुधियाना से 22, 23 व 24 अक्तूबर को, 04658 लुधियाना से 22 अक्तूबर को, 04660 लुधियाना से 23 अक्तूबर को और ट्रेन नंबर 04664 लुधियाना से 24 अक्तूबर को रात 8:20 बजे रवाना होकर रात 10:50 बजे अंबाला कैंट और अगले दिन रात 10:40 बजे पटना पहुंचेगी।

### विशेष ट्रेनों में सफर करें

■ कटिहार और लखनऊ के लिए विशेष ट्रेनें

भीड़ प्रबंधन का जायजा लेने के लिए बुधवार सुबह अंबाला रेल मंडल के प्रबंधक विनोद भाटिया अन्य विभागीय अधिकारियों के साथ अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। यहां उन्होंने विभागीय अधिकारियों के साथ स्टेशन पर किए गए प्रबंधों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने बताया कि भीड़ प्रबंधन के तहत विशेष ट्रेनों का संचालन लगातार किया जा रहा है। शनिवार को भी दो विशेष ट्रेनें सरहिंद से सहरसा और चंडीगढ़ से कटिहार के बीच चलाई गई थीं। बुधवार को भी चंडीगढ़ से कटिहार और लखनऊ के लिए भी विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं। इसलिए यात्री घबराएं नहीं उन्हें गंतव्य स्टेशन तक पहुंचाने के लिए रेलवे ने पूरी तैयारी की है। यात्रियों से आग्रह किया वो दैनिक ट्रेनों की बजाए विशेष ट्रेनों में सफर करें क्योंकि इनमें सीटें खाली हैं और उनका सफर भी आरामदायक हो सकता है। ट्रेनों को स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव देने, बैठने की सुविधा सहित खानपान की सुविधा को भी दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। बताया कि पहले जहां अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर 40 से 50 हजार यात्री आ रहे थे अब यह आंकड़ा 90 हजार प्रतिदिन के हिसाब से पार कर गया है। इसलिए आरपीएफ सहित वाणिज्य विभाग के कर्मचारियों को पूरी सतर्कता बरतने के निर्देश जारी किए गए हैं।